# सहायक सचिव के घर में करोड़ों की चोरी

## खिड़की काटकर घर में घुसे 10-12 बदमाश, ढाई क्विंटल वजनी तिजोरी और बाइक लेकर हुए रफूचक्कर

नवभारत न्यूज

**गुना 3 अगस्त का। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चक चुरेला में बीती रात चोरी की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया है। अज्ञात बदमाशों के एक शातिर गिरोह ने सहायक सचिव पवन मीना के मकान को निशाना बनाते हुए करोड़ों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और लाखों रुपये की नगदी से भरी भारी-भरकम तिजोरी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाश घर में रखी ढाई क्विंटल वजनी तिजोरी और पीड़ित की मोटरसाइकिल लेकर बड़े आराम से फरार हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की रात सहायक सचिव पवन मीना और उनके पिता बाबूलाल मीना घर पर ही सो रहे थे। रात लगभग 2 बजकर 8 मिनट पर बाबूलाल मीना की नींद खुली तो उन्होंने पूरे घर का सामान्य मुआयना किया, उस समय सब



कुछ पूरी तरह ठीक-ठाक था। लेकिन तड़के लगभग 4:45 बजे जब परिवार के सदस्यों ने उठने का प्रयास किया, तो पाया कि घर के अधिकांश कमरों के दरवाजे बाहर से बंद थे और कुंडी लगी हुई थी। अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को फोन कर बुलाया और दरवाजे खुलवाए। जब बाहर आकर देखा गया तो एक कमरे का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए—कमरे में रखी ढाई क्विंटल वजनी विशालकाय तिजोरी गायब थी और पूरा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था।

**लोहे की खिड़की काटकर घुसे 10 से 12 हथियारबंद बदमाश**

जांच में सामने आया कि करीब 10 से 12 की संख्या में आए शातिर बदमाश घर के पीछे लगी मजबूत लोहे की खिड़की को काटकर अंदर दाखिल हुए थे। बदमाशों ने पूरे घर के चप्पे-चप्पे को खंगाला और अंत में कमरे में रखी भारी-भरकम तिजोरी को उठाकर बाहर ले गए। इस तिजोरी में लगभग 2 से 2.5 किलोग्राम सोना, करीब 4 किलोग्राम चांदी के आभूषण और 11.5 लाख रुपये की नगदी रखी हुई थी। बदमाश भारी तिजोरी को ले जाने के लिए पवन मीना की मोटरसाइकिल भी साथ में चुरा ले गए, जिस पर तिजोरी को लादकर वे आसानी से रफूचक्कर हो गए।

**पारदी गिरोह पर गहराया संदेह, पुलिस ने कसी कमर**

सीसीटीवी फुटेज और भागने के रास्ते के विश्लेषण से सामने आया है कि बदमाश बाद में पारदी बाहुल्य गांव कनेरा-कनेरी की तरफ बढ़े हैं। इसके आधार पर पुलिस आशंका जता रही है कि इस भीषण चोरी को पारदी समुदाय के किसी पेशेवर गिरोह ने अंजाम दिया हो सकता है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुँचे हैं। पुलिस की अलग-अलग विशेष टीमें लगातार संदेहास्पद गांवों और जंगलों के आसपास सक्रियता से सर्चिंग कर रही हैं। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जिले की इस सबसे बड़ी चोरी ने पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

**नदी पार कर बमोरी की तरफ भागे, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए सुराग**

वारदात की सूचना मिलते ही गुना एसपी हितिका वासल के निर्देश पर एसडीओपी एसडीओपी विवेक अष्टाना की अगुवाई में भारी पुलिस बल, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और बारकी से साक्ष्य जुटाना शुरू किया। शुरुआती पड़ताल और खोजी कुत्तों की मदद से पता चला है कि बदमाश तिजोरी को पीड़ित की बाइक पर लादकर पड़ोसी गांव भूराखेड़ी और पथरिया होते हुए पास की एक नदी तक पहुँचे।

## मायके आई महिला को सांप ने कांटा, उपचार के पूर्व ही मौत

**बैतूल।** जिले में लगातार बढ़ रही सर्पदंश की घटनाओं के बीच सोमवार सुबह कोबरा सांप के काटने से एक विवाहित महिला की मौत हो गई। महिला 15 दिन पहले अपने मायके आई थी। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान देवकु पति कमलेश मानकर के रूप में हुई है। वह ससुंदरा गांव की रहने वाली थीं और करीब 15 दिन पहले अपने मायके जावरा गांव आई थीं। परिजनों के अनुसार, रविवार रात करीब 10 बजे देवकु घर में थीं। इसी दौरान एक जहरीले कोबरा ने उनके पैर में डस लिया। इसके बाद सांप उनके शरीर पर भी चढ़ गया। यह देख घर में मौजूद परिजन घबरा गए। सांप कुछ देर बाद वहां से निकल गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने निजी वाहन से महिला को मुख्य सड़क तक पहुंचाया। वहां से 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बरेठा में फिर चोरी, सूने कमरे का ताला तोड़कर नकदी व जेवर ले उड़े चोर

नवभारत न्यूज

**कुरवाई. ग्राम बरेठा में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए. घटना के बाद सोमवार को पीड़ित कैलाश कुर्मी ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई. सूचना मिलते ही एसडीओपी रोशनी सिंह, थाना प्रभारी आर.के. मिश्रा एवं जिला फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.**

फरियादी कैलाश कुर्मी ने पुलिस को बताया कि रविवार रात वह घर के एक कमरे में सो रहे थे. सोमवार सुबह जब मुख्य दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह बाहर से बंद मिला. इसके बाद पीछे के दरवाजे से बाहर निकलकर देखा तो घर के सूने कमरे की खिड़की की जाली टूटी हुई थी. कमरे में रखी लोहे की अलमारी के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था. चोर अलमारी में रखी चांदी की पायल, अन्य जेवरात तथा नकदी



चोरी कर ले गए. चोरी गए सामान की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है.कैलाश कुर्मी ने बताया कि उनका पुत्र दीपेश और बहू भोपाल में रहते हैं, इसलिए उनका कमरा बंद रहता था. चोरों ने मुख्य गेट की चैन काटी, खिड़की की जाली तोड़ी और अलमारी के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया. उन्होंने बताया कि रात में कुछ आवाजें सुनाई दी थीं, लेकिन कमरे का दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण वे बाहर नहीं निकल सके.ग्रामीणों ने बताया कि करीब नौ माह पहले भी कैलाश कुर्मी के बड़े भाई फूलसिंह कुर्मी के घर दिनदहाड़े चोरी हुई थी, जिसमें लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गई थी. एक ही परिवार को दो बार निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है. उनका आरोप है कि चोर पहले सूने मकानों की रेकी करते हैं और फिर वारदात को अंजाम देते हैं.लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्राम बरेठा के लोगों में दहशत और नाराजगी का माहौल है. ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी तथा गांव में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है.

# ढाई लाख रुपए के गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 अगस्त.** कोतवाली पुलिस ने ढाई लाख रुपए मूल्य का 12 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा जब्त किया है.

मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गंज क्षेत्र स्थित में आरोपी के मकान पर दबिश दी. पुलिस ने मौके से ताराचंद राठौर निवासी कोली मोहल्ला गंज को गिरफ्तार किया. तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ. जिसकी अनुमानित बाजार कीमत ढाई लाख रुपए बताई गई.

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है.

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र यादव, रामबाबू राठौर, मनोज वर्मा, वीरेंद्र सिंह पवार, जितेंद्र परमार, चेतन चौहान, कमलेश माली, सतीश कुमार, द्रोपदी तथा चालक विष्णु भगवान सहित थाना कोतवाली पुलिस की टीम की भूमिका रही.

# मवेशी को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा

- दरगुवां तिराहा के पास देर रात हुआ हादसा
- जनहानि नहीं, रातभर बाधित रही बिजली आपूर्ति

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 3 अगस्त. दरगुवां तिराहा के पास देर रात केला से भरा एक आयशर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई.**

जानकारी के अनुसार ट्रक सागर से केला लेकर छतरपुर आ रहा था. रात करीब 12 बजे अचानक सड़क पर मवेशी आ जाने से चालक ने उसे बचाने के लिए ट्रक मोड़ने का प्रयास किया. इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया. अनियंत्रित ट्रक पहले सड़क किनारे लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराया और




फिर पलट गया. टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गिर गया. हादसे के बाद आसपास के इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई.

**ट्रांसफार्मर हो गया क्षतिग्रस्त**

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे. राहत की बात यह रही कि ट्रक चालक सहित किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई. हालांकि ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के लोगों को पूरी रात बिजली कटौती का सामना करना पड़ा. बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने और आपूर्ति बहाल करने की कार्रवाई शुरू की गई.

## मां ताप्ती जल लेकर झिरी पहुंची कांवड़ यात्रा

**मुलताई।** पवित्र नगरी स्थित नेहरू वार्ड नागदेव मंदिर से सावन मास के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए श्रीराम कावड़ यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालू कधों पर कावड़ लेकर हाथों में भगवा ध्वज लहराते गाजे बाजे के साथ नागदेव मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए मां ताप्ती सरोवर पहुंचे जहां पर पूजा अर्चना कर कावड में ताप्ती उदगम सरोवर से जल भरकर गाजे बाजे के साथ मुलताई से 20 किमी दूर प्रभात पट्टन के पास स्थित शिवधाम झिरी पहुंचे,इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा रास्ते में जगह जगह कावड़ियों पर फुल बरसा कर स्वागत किया।

# रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन जप्त

**बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी के तहत विगत दिनों खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के घोड़ाडोंगरी तहसील के रानीपुर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण कर गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थाना की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ रानीपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खमालपुर एवं ग्राम कोयलारी के पास से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों क्रमशः ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडसी 1730 एवं ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 9206 को जप्त कर पुलिस थाना रानीपुर की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# किसानों ने किया चक्काजाम, 7 घंटे बाधित

- वेयर हाउस में जगह की कमी से भड़क गए किसान

नवभारत न्यूज

**देवरी (रायसेन), 3 अगस्त. देवरी में सोमवार को रेवा वेयरहाउस एवं आस्तिक वेयरहाउस में भंडारण क्षमता पूरी होने के कारण मूंग की तौल बंद किए जाने से नाराज किसानों ने थाला मोड़ स्थित नेशनल हाईवे-45 पर चक्काजाम कर दिया. सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ आंदोलन शाम लगभग 5 बजे तक जारी रहा, जिससे हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा.**

जानकारी के अनुसार रेवा वेयरहाउस और आस्तिक वेयरहाउस पर एक हजार से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मूंग लेकर



कई दिनों से खड़ी थीं. वेयरहाउस प्रबंधन ने पर्याप्त जगह नहीं होने का हवाला देते हुए तौल करने से इनकार कर दिया. इससे किसान नाराज हो गए और हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. आंदोलन की सूचना मिलने पर रायसेन से प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर समाधान निकाला. प्रशासन ने निर्णय लिया कि रेवा वेयरहाउस पर खड़ी मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की तौल उदयपुरा मंडी में तथा आस्तिक वेयरहाउस पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की तौल देवरी मंडी में कराई जाएगी. प्रशासन के इस आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और यातायात पुनः सुचारु हो सका.

आंदोलन में कांग्रेस किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रंजीत पटेल, प्रताप सिंह लोधी, एडवोकेट मुकेश शर्मा, परसोत्तम लोधी, चोखे लाल , गुड्डू लोधी (पांजरा) अशोक सौम्या सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

तहसीलदार जयपाल शाह उईके, नायब तहसीलदार शुक्ला तथा अन्य राजस्व अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर किसानों से चर्चा की और स्थिति को नियंत्रित किया.

# एसपी ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखा




नवभारत न्यूज

**ललितपुर 3 अगस्त. जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई ने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। एसपी ने न्यायालय परिसर के प्रवेश द्वार पर पहुंचकर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैग स्कैनर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और सामान की नियमानुसार गहन जांच सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने न्यायालय परिसर स्थित सदर हवालात का निरीक्षण किया। उन्होंने हवालात की साफ-सफाई, बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

**छपते-छपते**

# पाकिस्तान में लश्कर का नेटवर्क निशाने पर, 30 आतंकियों के मारे जाने का दावा

## पाकिस्तान और पीओके में लश्कर के 30 से अधिक आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद, 3 अगस्त।** पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क को लेकर बड़ा दावा सामने आया है। संगठन से जुड़े भारत के वांटेड आतंकी रिजवान हनीफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें उसने स्वीकार किया है कि पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान पाकिस्तान, पेशावर, कराची और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoJK) में लश्कर-ए-तैयबा के 30 से अधिक सदस्यों की अज्ञात हमलावरों द्वारा टारगेट किलिंग की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार है जब लश्कर-ए-तैयबा के किसी वरिष्ठ सदस्य ने सार्वजनिक रूप से संगठन के नेटवर्क पर हुए ऐसे हमलों को स्वीकार किया है। वीडियो में रिजवान हनीफ संगठन के सदस्यों की लगातार हो रही हत्याओं पर चिंता और भय व्यक्त करता दिखाई दे रहा है। उसने दावा किया कि कई अहम सदस्य रहस्यमय परिस्थितियों में मारे गए, जबकि हमलावरों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने वीडियो की पुष्टि की है। हालांकि, इन हत्याओं के पीछे किसका हाथ है, इसे लेकर आधिकारिक रूप से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पाकिस्तान सरकार की ओर से भी इस संबंध में कोई विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वीडियो और उसमें किए गए दावे सही हैं, तो यह लश्कर-ए-तैयबा के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है। लगातार हो रही टारगेट किलिंग से संगठन के भीतर भय और असुरक्षा का माहौल बनने की बात भी सामने आ रही है। फिलहाल इन घटनाओं की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और मामले पर विभिन्न एजेंसियां नजर बनाए हुए हैं।


## 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर सरकार की नीति पर सवाल

जबलपुर। मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में 13 वें दिन सुनवाई हुई। प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक व न्यायाधीश विनय सराफ की विशेष युगलपीठ के समक्ष ओबीसी पक्ष ने सरकार की ओर से आरक्षण लागू करने के आधार और ओबीसी की पहचान तय करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाये। वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक रत्नू और पी विल्सन की बहस पूरी होने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उनकी बहस पूरी नहीं हो सकी। अब मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे फिर सुनवाई होगी।

**ईडब्ल्यूएस के 10 प्रतिशत आरक्षण व ओबीसी की पहचान के आधार पर उठाई आपत्ति**

वरिष्ठ अधिवक्ता श्री ठाकुर ने दलील दी कि जुलाई 2019 से पहले प्रदेश में कुल आरक्षण 50 प्रतिशत था। दो जुलाई 2019 को 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया गया और 14 अगस्त 2019 को ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया। उनका कहना था कि 50 प्रतिशत की सीमा टूटने के लिए ओबीसी आरक्षण को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

## नेतन्याहू बोले- पीएम मोदी मेरे सबसे अच्छे दोस्त



**यरुशलम, 4 अगस्त** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। ईरान के साथ जारी तनाव और बदलते वैश्विक हालात के बीच नेतन्याहू ने कहा कि भारत इजरायल का अहम साझेदार है और उनकी सरकार दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। सोमवार को दिए अपने बयान में नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'सबसे अच्छा दोस्त' बताते हुए कहा कि भारत से इजरायल और उन्हें व्यक्तिगत रूप से जो समर्थन मिला है, वह बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उनके सबसे अच्छे दोस्तों में शामिल हैं और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। नेतन्याहू ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में मजबूत साझेदारियां पहले से अधिक जरूरी हो गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत उन देशों में शामिल है, जिनके साथ इजरायल अपने संबंधों को और व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**खेल जगत** | खिलाड़ी से नहीं, खिलाड़ी के लिए लड़ना पड़ता है : कोच परम

# कर्ज लेकर देखा खिलाड़ी बनाने का सपना, मिला इंडिया कैंप

कंचन शिवपुरिया

**भोपाल, 3 अगस्त. रायसेन जिला फुटबॉल अकादमी की दो खिलाड़ी सलोनी शर्मा और मंजू कंवर का भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन हुआ है. यह उपलब्धि सिर्फ दो खिलाड़ियों की सफलता नहीं, बल्कि उन वर्षों की मेहनत का नतीजा है, जब अकादमी के कोच परम अश्वर ने सीमित संसाधनों के बावजूद लड़कियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सपना देखा.**

कोच परम अश्वर ने बताया




कि शुरुआत आसान नहीं थी. प्रदेश में कई लोगों ने उन्हें फुटबॉल के लिए काम करने से रोका और लगातार हतोत्साहित किया. इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी. खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं में भागीदारी और जरूरी सुविधाएं जुटाने के लिए उन्होंने करीब 12 लाख रुपये का कर्ज लिया. उनका कहना है कि उनका मकसद सिर्फ टीम बनाना नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश में महिला फुटबॉल के लिए मजबूत रास्ता तैयार करना था.कोच के अनुसार उनकी टीम पहली बार इंडियन वुमन्स लीग में उतरी और वहां ओडिशा एफसी जैसी मजबूत टीम को हराकर सबका ध्यान खींचा. उसी दौरान उनके संघर्ष की कहानी सामने आई. उन्होंने बताया कि समाचार प्रकाशित होने के बाद कई लोगों ने आगे आकर आर्थिक मदद की, जिससे उनका कर्ज उतर सका. इसके बाद टीम ने अंडर-17 यूथ लीग के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचकर भी नया रिकॉर्ड बनाया.

परम अश्वर का मानना है कि कोच की जिम्मेदारी सिर्फ मैदान पर दो घंटे अभ्यास कराने तक सीमित नहीं होती. उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी बनाने के लिए खिलाड़ी से नहीं, खिलाड़ी के लिए लड़ना पड़ता है.' उनके अनुसार अगर वर्षों तक किसी कोच के पास रहने के बाद भी खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ता, तो कोच को खुद अपनी जिम्मेदारी पर सवाल उठाना चाहिए. सलोनी और मंजू का इंडिया कैंप तक पहुंचना उसी सोच की सबसे बड़ी जीत बन गया है.